दिन– गुरूवार | दिनांक– 11 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

02. नेपाल में जेल ब्रेक की घटना के बाद बिहार घुसने की कोशिश कर रहे बीस कैदियों को गिरफ्तार किया गया।

03. केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा – केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार से रूकेगा युवाओं का पलायन।

04. और, केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने पटना में जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। कहा – सरकार दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को अभूतपूर्व जीत मिलेगी।

–––बाइट–––

---

नेपाल में अस्थिर हालात के मद्देनजर राज्य के सभी सात सीमावर्ती ज़िलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने बताया कि पुलिस और एसएसबी, सीमा पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीमा चौकियों पर लोगों की गहन जांच की जा रही है। श्री कृष्णन ने कहा कि बिहार में सीमा पर स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि ने नेपाल में जेल ब्रेक की घटना के बाद बिहार में घुसने की कोशिश कर रहे बीस कैदियों को गिरफ्तार किया गया है।

–––बाइट–––

अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए, गृह विभाग ने पर्यटकों को नेपाल नहीं जाने की सलाह दी है।

———बाइट———

---

नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन को लेकर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका है। आंदोलनकारी युवाओं से बातचीत जारी है। हमारी संवाददाता ने बताया कि नेपाल में काठमांडू, ललितपुर और भक्तपुर जिलों में निषेधाज्ञा और कर्फ्यू कल सुबह छह बजे तक बढ़ा दिया गया है।

———बाइट———

---

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से बिहार में उद्योग और रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में बिहार के लिए कई विशेष प्रावधान किये गये हैं। श्री पाटिल ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि बिहार से पलायन रूके और युवाओं को राज्य में ही रोजगार के अवसर मिले।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर—जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई। आज हम ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए किए गए जीएसटी सुधारों की बात कर रहे हैं। एक रिपोर्ट—

———कट———

---

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि बिहार सरकार उद्योंगो की स्थापना को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। श्री गोयल आज पटना में

बिहार आईडिया फेस्टिवल के दौरान बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतना व्यापक और लाभकारी पैकेज देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है।

---बाइट---

श्री गोयल ने कहा कि स्टार्टअप संस्कृति विकसित होने के बाद युवाओं में रोजगार को लेकर धारणा बदली है। अब युवा नौकरी मांग नहीं रहे, बल्कि नौकरी दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुकों को बधाई दी।

समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करने के लिए भूमि अधिग्रहण कर रही है।

---बाइट---

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार एक प्रखंड, एक उत्पाद पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लघु उद्योग भी तेजी से विकसित हो रहे हैं।

---बाइट---

---

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि सरकार सुधारों पर विशेष जोर दे रही है और पिछले ग्यारह वर्षों में लगभग एक हजार छह सौ कानून निरस्त किये गए। डॉक्टर सिंह आज पटना में जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अलग–अलग क्षेत्रों में सुधार किये जा रहे हैं।

---बाइट---

डॉक्टर सिंह ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने अधिकारियों की नवोन्मेषी क्षमता को उजागर किया है और जिलों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास के हर पहलू पर काम किया है। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने बाढ़ से निपटने की दिशा में भी अभूतपूर्व काम किया है।

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। पश्चिम चंपारण जिले

के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ छप्पन दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कल किशनगंज और सीतामढ़ी जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश, जबकि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, अररिया और शिवहर जिले के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

–––बाइट–––

---

विशेष निगरानी इकाई ने शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक वीरेन्द्र नारायण के पटना, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति का खुलासा किया है। आय से अधिक संपत्ति मामले में ये छापेमारी की गयी है। छापेमारी के दौरान जमीन और निवेश के कागजात समेत आभूषण और नकद रुपये भी बरामद किये गये। इधर, आर्थिक अपराध ईकाई की एक टीम ने समस्तीपुर में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित अधीक्षण अभियंता विनोद राय के दो ठिकानों पर छापेमारी की है। पिछले दिनों विनोद राय के पटना समेत विभिन्न ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति का खुलासा हुआ था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

02. नेपाल में जेल ब्रेक की घटना के बाद बिहार घुसने की कोशिश कर रहे बीस कैदियों को गिरफ्तार किया गया।

03. केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा – केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार से रूकेगा युवाओं का पलायन।

04. और, केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने पटना में जिलों के समग्र विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। कहा – सरकार दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।